आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को किया रवाना। रक्षा मंत्री ने कहा– ब्रह्मोस के निर्माण से देश की रक्षा क्षमता को मिली नई ऊंचाई।
- मुख्यमंत्री ने कहा– ब्रह्मोस जैसी मिसाइल से अपनी ही नहीं मित्र देशों की सुरक्षा, आवश्यकताओं की भी पूर्ति करने में सक्षम है भारत।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, गोरखपुर में ग्राम चौपाल और देवरिया में किसान मेले में हुए शामिल। कहा– घटिया बीज बेचने वालों के खिलाफ सरकार बना रही है सख़्त कानून।
- अयोध्या में दिव्य और भव्य दीपोत्सव की तैयारियां पूरी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में छब्बीस लाख से अधिक दीप जला कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को रवाना किया। यह इकाई उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे में पहली ऐसी सुविधा है, जहाँ मिसाइल प्रणाली निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया स्वदेशी है। समारोह के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने बूस्टर भवन का उद्‌घाटन भी किया, जो ब्रह्मोस प्रोजेक्ट की क्षमता विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चार मिसाइलों की डिलीवरी के साथ भारत की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाला यह कदम न केवल सैन्य सफलता का, बल्कि आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश रक्षा निर्माण क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है और हाल ही में ब्रह्मोस टीम ने दो देशों के साथ करीब चार हज़ार करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

***यही आत्मनिर्भर भारत की मैं मानता हूँ कि असली पहचान जिस सोच के साथ हमने 2014 में अपनी यात्रा प्रारंभ की, साथियों हमारे प्रधानमंत्री जी ने हमें 2047 तक के भारत का विजन दिया है और एक ऐसे भारत का जो पूरी तरह से विकसित हो, आत्मनिर्भर हो और दुनिया का नेतृत्व करने के लिए वह तैयार हो ऐसे भारत का निर्माण करने का संकल्प हम लोगों के सामने रखा है उस विजन तक पहुँचने में डिफेंस सेक्टर की भूमिका निश्चित रूप से बहुत ही निर्णायक होगी और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी डिफेंस इन्डस्टरी उस भूमिका को उसी उत्साह के साथ निभायेंगे।***

रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ अब केवल तहजीब का शहर नहीं रहा, बल्कि टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रीज का केंद्र बन चुका है। रक्षा निर्माण के क्षेत्र में लखनऊ अब देश के मानचित्र पर एक प्रमुख हब के रूप में स्थापित हो गया है।

***डिफेंस मैन्यूफैक्चिरिंग के मामले में भी लखनऊ अब एक अहम केंद्र बन चुका है और यहां से निकलने वाला हर कदम भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता हुआ एक यह प्रभावी कदम है उसके लिए मैं उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं।***

रक्षा मंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश भारत के डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग एयरोस्पेस इनोवेशन का एक बड़ा केंद्र बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में बनी यह मिसाइल देश की रक्षा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता की मिसाल है। अब भारत ब्रह्मोस जैसी मिसाइल से अपनी ही नहीं मित्र देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम है।

***हर वर्ष 100 ब्रह्मोस मिसाइल बनेंगी और आने वाले समय में इसकी कैपीसिटी 150 तक बनेगी तो हमें हर वर्ष 150 से 200 करोड़ रूपये इन मिसाइल के माध्यम से ढ्रैज के माध्यम से ही प्रदेश सरकार को प्राप्त होता हुआ दिखाई देगा, यह लैण्ड आज सोना उगलने का काम कर रही है, उत्तर प्रदेश के लिये भी और देश की सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का काम भी कर रहा है।***

**********

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामलों पर गंभीरता से विचार करते हुए केंद्र और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो– सीबीआई से जवाब मांगा है। सर्वोच्चय न्यायालय ने इन मामलों का स्वतः संज्ञान लिया है। इनमें धोखेबाज, प्रवर्तन एजेंसियों या न्यायिक अधिकारियों का रूप धारण करके लोगों और विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों से धन उगाही करते हैं।

**********

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल गोरखपुर के डुमरीखुर्द गांव में ग्राम चौपाल लगाकर किसानों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही हैं, जिससे कृषि उत्पादन के साथ किसानों की आमदनी भी बढ़ सके। उन्होंने किसानों से खेती में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसके बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने देवरिया के पथरदेवा में आयोजित किसान मेला में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को पचास प्रतिशत सब्सिडी पर अच्छे बीज उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि घटिया बीज बेचने वालों के खिलाफ कड़ा कानून लाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए नई एमएसपी पर खरीद की जायेगी।

***किसान की फसल को औने–पौने दाम नहीं बिकने देंगे, एमएसपी पे खरीदी होगी, मैं आज आपको आश्वास्त करने आया हूँ आजकल कम पैदा हो रही है, घानी खतम कर दिये किसानों ने लगभग, लेकिन तुवर, मसूर, उरग, जितनी पैदा करेंगे किसान, पूरी की पूरी भारत सरकार खरीदेगी एमएसपी पर मिट्टी के दाम नहीं जाने देंगे।***

इस दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

**********

दीपावली पंच महापर्वों की श्रृंखला का दूसरा पर्व छोटी दीपावली आज मनाई जायेगी। आज ही नरक चतुर्दशी और हनुमान जयन्ती भी मनाई जा जायेगी। इस बीच, दीपावली की श्रृंखला का पहला पर्व धनतेरस कल प्रदेश भर में धूम धाम से मनाया गया। देर रात तक बाजारों में चहल पहल रही और लोगों ने पर्व से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी की।

**********

अयोध्या में आज शाम होने वाले दिव्य और भव्य दीपोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। दीपोत्सव में राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर 26 लाख से अधिक दीप जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 11 सौ स्वदेशी ड्रोन की मदद से लेज़र–शो भी आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके पहले कल देर शाम ग्यारह सौ महिलाओं ने संस्कृत के विद्यार्थियों और वंचित समाज के लोगों के साथ सरयू नदी की महाआरती कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस बार महाआरती में इक्कीस सौ लोग शामिल हुए जबकि पिछली बार यह संख्या एक हजार एक सौ इक्यावन लोगों की थी। आज के दीपोत्सव में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई विशिष्ट जन शामिल होंगे। एक रिपोर्ट....

***सज और संवर रही अयोध्या पूरे विश्व को आस्था श्रद्धा और धर्म का संदेश देगी, फूलों और विद्युत झालरों से अयोध्या गमकेगी भी और चमकेगी भी, दीपोत्सव पर निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए 21 झांकियां आकार ले चुकी है, जो रामायण प्रसंगों और केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ ही अयोध्या के विकास की झलकियां दिखाएगी, राम की पैड़ी के साथ ही 56 घाटों पर दीपक बिछाये जा चुके हैं, दीपोत्सव अपने ही पूर्व रिकॉर्ड को तोड़कर नए कीर्तिमान पुनः स्थापित करेगी, इस बीच संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों के साथ राजपत्रित अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

दीपावली और छठ पर्व पर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए छह, पर्व स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूजा विशेष गाड़ियां गोरखपुर–आसनसोल, मऊ–सूरत, गोरखपुर–नई दिल्ली, गोरखपुर–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, गोरखपुर–पुणे और गोरखपुर–साबरमती के बीच चलायी जा रही हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से लागू जीएसटी बचत उत्सव से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है। इन सुधारों से कृषि यंत्रों पर जीएसटी दर घटने से किसानों को काफी फायदा मिल रहा है। लखनऊ की प्रगतिशील महिला किसान कामिनी सिंह ने इसे किसानों के लिए वरदान बताया है।

***प्रधानमंत्री जी ने जो कृषि यंत्रों पर जीएसटी की छूट दी है वो हमारे किसान अन्नदाता के लिए एक वरदान से कम नहीं आज दीपावली के शुभ अवसर का पहला पर्व है धनतेरस जिसमें मैंने प्रोसेसिंग यंत्रों को खरीद के जो जीएसटी से लाभ मैं उठा रही हूं, उसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को कोटि–कोटि धन्यवाद करती हूं क्योंकि उनकी वजह से हम कृषि यंत्रों और बहुत सारे प्रोसेसिंग यंत्रों पे जीएसटी की छूट से हमें राहत मिली है।***

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा दो हजार पचीस की उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी कर दी है। यह परीक्षा बारह अक्टूबर को दो पालियों में आयोजित की गयी थी। परीक्षा की उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर चौबीस अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी।

(डेस्क)

**********